मयूर यूनीकोटर्स लिमिटेड वास्ते
हस्ताक्षर
सुरेश कुमार पोद्दार
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN-00022395

स्थान : जयपुर
दिनांक : 04 नवंबर, 2026

YoY Income up 15%
YoY PBIDT up 38%
YoY PAT up 42%


PU Garments


Handbag


Automotive


Footwear


Furnishing


Marine Upholstery


Accessories



नई सीरीज में कोयला खदानों की दुनिया दिखाएंगे सिद्धांत

अमित कर्ण। मुंबई

कोयला खदानें, लोकल ग्रुप्स के बीच वर्चस्व की लड़ाई और क्राइम के साथ पॉलिटिक्स का कनेक्शन। इन बातों का जिक्र होते ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' याद आना स्वाभाविक है। अब इसी बैकग्राउंड से जुड़ी एक नई वेब सीरीज की चर्चा है। सिद्धांत चतुर्वेदी इसमें लीड रोल में नजर आ सकते हैं, जबकि इसे अभिषेक चौबे डायरेक्ट करेंगे। एक्सेल एंटरटेनमेंट की यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो के लिए बनाई जा रही है। हालांकि, मेकर्स ने अभी इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

कोयला खदानें सिर्फ लोकेशन नहीं, पावर का सेंटर

इस सीरीज में कोयला खदानों को सिर्फ बैकग्राउंड के तौर पर नहीं दिखाया जाएगा। खनन से जुड़े इलाकों में रोजगार, पैसे और पॉलिटिक्स का भी बड़ा रोल होता है। ऐसे में किसी ग्रुप का दबदबा सिर्फ हथियारों या ताकत के दम पर नहीं बनता, बल्कि उसके पीछे लोकल सपोर्ट, आर्थिक फायदे और पॉलिटिकल कनेक्शन भी होते हैं। सूत्रों के मुताबिक...'सीरीज में कोयला खदानों पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे अलग-अलग ग्रुप्स के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इसके साथ पॉलिटिकल प्रोटेक्शन और इलाके में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश भी कहानी का हिस्सा हो सकती है। यानी यह सिर्फ दो क्रिमिनल ग्रुप्स की लड़ाई नहीं, बल्कि बड़े पावर स्ट्रगल की कहानी हो सकती है।'

'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से अलग होगी सत्ता और ताकत की नई कहानी

'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में कोयला खदानों के बैकग्राउंड में क्राइम, पारिवारिक दुश्मनी, पॉलिटिक्स और कई पीढ़ियों तक चलने वाली लड़ाई दिखाई गई थी। फिल्म में लोकल पावर और बदले की कहानी एक-दूसरे से जुड़ी हुई थी। यही वजह है कि कोयला खदानों और गैंगवॉर पर बनने वाली किसी भी नई कहानी की तुलना इससे होना स्वाभाविक है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, सिद्धांत चतुर्वेदी और अभिषेक चौबे की यह सीरीज 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी। न ही इसे उसका प्रीक्वल या स्पिन-ऑफ बताया जा रहा है। दोनों प्रोजेक्ट्स में समानता फिलहाल कोयला खदानों, लोकल ग्रुप्स और पावर स्ट्रगल तक ही है। नई सीरीज में एक ऐसे कैरेक्टर की जर्नी दिखाई जा सकती है, जो शुरुआत में एक बड़े पॉलिटिकल ग्रुप के साथ जुड़ा रहता है, लेकिन बाद में अपनी अलग पहचान और ताकत बनाने की कोशिश करता है। यह एक व्यक्ति के उभार की कहानी होगी, जबकि 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में परिवारों के बीच दुश्मनी और पीढ़ियों तक चलने वाला संघर्ष अहम था। इसलिए दोनों कहानियों को एक जैसा मानना सही नहीं होगा।

अभिषेक चौबे के डायरेक्शन में दिखेगा पावर स्ट्रगल, स्क्रिप्ट पर काम जारी

इस प्रोजेक्ट में अभिषेक चौबे का जुड़ना भी दिलचस्प है। ऐसी कहानी में सिर्फ गैंगवॉर और एक्शन दिखाना काफी नहीं होता। इसमें यह भी दिखाना जरूरी होगा कि अलग-अलग कैरेक्टर्स के बीच रिश्ते कैसे बनते और बिगड़ते हैं। कौन किस पर भरोसा करता है, किससे डरता है और किसके साथ मिलकर अपनी ताकत बढ़ाना चाहता है। कोयला क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई दिखाने के लिए यह समझाना होगा कि अलग-अलग ग्रुप्स के अपने फायदे क्या हैं और उन्हें ताकत कहां से मिलती है। अगर लीड कैरेक्टर अपने पुराने पॉलिटिकल ग्रुप से अलग होकर खुद का ग्रुप बनाता है, तो उसके इस फैसले के पीछे की वजह भी कहानी का अहम हिस्सा होगी। यहां लीड कैरेक्टर का स्वभाव और उसके फैसले भी मायने रखेंगे। वह किसी बड़े ग्रुप से क्यों जुड़ता है, उससे अलग होने का रिस्क क्यों लेता है और अपनी ताकत बनाए रखने के लिए क्या करता है। इन पहलुओं से कहानी को सिर्फ क्राइम और गैंगवॉर तक सीमित रहने के बजाय एक अलग पहचान मिल सकती है। हालांकि, सीरीज की फाइनल स्क्रिप्ट और उसे पेश करने के तरीके को लेकर अभी मेकर्स ने कोई जानकारी नहीं दी है।

पहलवान के किरदार में दिख सकते हैं सिद्धांत

सिद्धांत के कैरेक्टर को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक...'वह शुरुआत में एक पॉलिटिकल ग्रुप से जुड़ा हो सकता है। बाद में वह अपनी अलग ताकत बनाने की कोशिश करता है। यह भी चर्चा है कि सिद्धांत इसमें एक पहलवान का रोल निभा सकते हैं, जिसका उस दौर में बिहार और झारखंड के इलाके में दबदबा था। उस समय बिहार और झारखंड एक ही राज्य का हिस्सा थे। झारखंड अलग राज्य बाद में बना। अगर यह जानकारी सही साबित होती है, तो सिद्धांत को ऐसे कैरेक्टर की जर्नी दिखानी होगी, जिसकी पोजिशन और दबदबा समय के साथ बदलता है। इस रोल में सिर्फ गुस्सा और आक्रामकता दिखाना काफी नहीं होगा। उसे अपने साथियों के साथ रिश्ते बनाने, पॉलिटिकल दबाव को समझने और विरोधियों के खिलाफ सही फैसले लेने होंगे। उनके फिजिकल लुक के साथ बोलने के अंदाज और कैरेक्टर में आने वाले बदलाव भी अहम होंगे।'

इमरान की 'रूह' में दिखेगा डर और रोमांस का मेल



इमरान हाशमी एक बार फिर दर्शकों को डराने की तैयारी कर रहे हैं। अभिनेता की आने वाली म्यूजिकल हॉरर फिल्म 'रूह' का नया टीजर जारी कर दिया गया है। फिल्म में डर, रोमांस और संगीत का अनोखा मेल देखने को मिलेगा। इस फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर संगीत कंपनी टिप्स फिल्म्स और टिप्स म्यूजिक भी अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। टिप्स फिल्म्स फिल्म को प्रेजेंट करेगी, जबकि टिप्स म्यूजिक इसके गानों और संगीत की जिम्मेदारी संभालेगी। फिल्म में संगीत की अहम भूमिका होगी। खास बात यह है कि इमरान हाशमी और निर्माता कुमार तौरानी एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म के नए टीजर के साथ जारी किए गए संदेश में कहा गया है कि जितना गहरा डर होगा, संगीत का असर भी उतना ही बड़ा होगा।

'रूह' की कहानी का लेखन भी मयंक शर्मा और विशाल कपूर ने मिलकर किया है

फिल्म की कहानी और किरदारों के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। 'रूह' का निर्देशन मयंक शर्मा कर रहे हैं। वह इससे पहले अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'ब्रीथ' के निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। इस सीरीज में रहस्य, अपराध और रोमांच को काफी दिलचस्प तरीके से दिखाया गया था। 'रूह' की कहानी का लेखन भी मयंक शर्मा और विशाल कपूर ने मिलकर किया है।

'ओह माय गॉड 3' पर लगा ब्रेक, अमित ने छोड़ी फिल्म



अक्षय कुमार की चर्चित फिल्म फ्रेंचाइज 'ओह माय गॉड' की तीसरी फिल्म एक बार फिर मुश्किलों में घिरती नजर आ रही है। फिल्म का नाम 'ओह माय गॉड 3' यानी 'ओह माय गॉडेस' रखा गया है। अब खबर है कि फिल्म के निर्देशक अमित राय और मेकर्स के बीच लंबे समय से चल रहे रचनात्मक मतभेदों के कारण दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया है। इस खबर के सामने आने के बाद फिल्म के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक...'निर्देशक अमित और फिल्म के मेकर्स के बीच केवल कहानी को लेकर ही मतभेद नहीं थे, बल्कि मुख्य कलाकार के चयन और फिल्म को रिलीज करने की योजना पर भी दोनों पक्षों की राय अलग-अलग थी। काफी समय तक इन मुद्दों पर बातचीत हुई, लेकिन कोई बीच का रास्ता नहीं निकल पाया। आखिरकार मेकर्स ने अमित राय के बिना ही फिल्म को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कहानी, कलाकारों के चयन और फिल्म की पूरी दिशा को लेकर अलग-अलग राय होने के कारण मामला सुलझ नहीं पाया। इसके बाद दोनों ने अलग-अलग रास्ते पर चलने का फैसला कर लिया।

जयपुर

10 फीट गहरी खाई में गिरी कार; कार सवार दो युवकों की हालत गंभीर

आमेर घाटी में बेकाबू कार ने स्कूटी समेत 3 वाहनों को मारी टक्कर, 5 घायल

क्राइम रिपोर्टर | जयपुर

आमेर घाटी में बुधवार रात करीब 10 बजे मनसा माता मंदिर के पास एक कार बेकाबू होकर स्कूटी समेत तीन वाहनों से टकरा गई। हादसे में 5 लोग घायल हो गए। इनमें कार सवार दो युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर के बाद कार सड़क से करीब 10 फीट नीचे खाई में जा गिरी।

पुलिस के अनुसार कार आमेर की तरफ जा रही थी। मनसा माता मंदिर के पास उसने पहले स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मारी और इसके बाद दो अन्य वाहनों को भी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना पर आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया।

दुर्घटना के बाद आमेर घाटी में यातायात बाधित हो गया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने जाम खुलवाने के लिए वाहनों को रामगढ़ मोड़ और दिल्ली बाईपास की तरफ डायवर्ट किया। देर रात तक पुलिस यातायात व्यवस्था संभालने में जुटी रही।

ठाकुरजी महाराज विकास समिति की बैठक; नृसिंह लीला कल

भैंसावा ग्रामीण | कस्बे की ग्राम पंचायत कुडियों का बास के गुढामान सिंह गांव में मंगलवार को ठाकुरजी महाराज विकास समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 6 नवम्बर को धनतेरस पर रावण दहन व नृसिंह लीला महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सरपंच अनिता देवी व पूर्व सरपंच रामकरण चांदीवाल ने बताया कि नृसिंह लीला में खेड़ी मिल्क के कलाकार प्रस्तुति देंगे। शाम को रावण दहन किया जाएगा। बैठक में कुडियों का बास के पूर्व सरपंच रामकरण चांदीवाल, मूलचंद शर्मा, नारायण सिंह, कन्हैया लाल जांगिड़, सीताराम चांदीवाल, रमेश, दुर्गा सिंह, बाबूलाल चांदीवाल, गणेश राम चौधरी, हनुमान ऐचरा, बिरदाराम ऐचरा, मदन मीणा उपस्थित थे।

बैंक एम्पलाइज सिंधु संगम ने दीपावली पर जरूरतमंदों को बांटी सामग्री

जयपुर | बैंक एम्पलाइज सिंधु संगम की ओर से नारदपुरा पंचायत के सहयोग से निर्धन परिवारों को दीपावली सामग्री वितरित की गई। संस्था के वेलफेयर फंड से जरूरतमंदों को मिठाई, दीपक, पूजन सामग्री व डबल बेडशीट भेंट की गई। अध्यक्ष राजेश भम्भाणी व महासचिव राधा कृष्ण सावलानी ने बताया कि सेवा कार्य में दीपक गांधी, राकेश कृपलानी व हरीश ममतानी का सहयोग रहा। हर घर पर्व का उल्लास पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 6 नवंबर को मानसरोवर में भी ऐसा ही शिविर आयोजित किया जाएगा।

शर्मा विद्युत मंडल मजदूर फेडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर | प्रांतीय विद्युत मंडल मजदूर फेडरेशन (राजस्थान इंटक) की 9 सदस्यीय संचालन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी को कार्यवाहक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यालय मंत्री प्रमोद कुमार मिश्रा के अनुसार, आगामी चुनाव संपन्न होने तक संगठन की मजबूती व सुचारू संचालन के लिए डीडी शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष, श्याम सुंदर शर्मा को कार्यवाहक महामंत्री तथा पुखराज सांखला को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

आराधना अवस्थी को पीएचडी



अपेक्स विश्वविद्यालय की ओर से आराधना अवस्थी को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। इन्हें यह उपाधि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना :- जयपुर जिले के विशेष संदर्भ में विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर शोध के लिए दी गई।

पेज एक का शेष...

15 दिसंबर से 4 हिस्सों में मिलेगा कार-बाइक बीमा, जरूरत का कवर चुन सकेंगे ग्राहक...

नया ढांचा 'बीमा सुगम' पर भी मिलेगा। मौजूदा थर्ड पार्टी पॉलिसीधारक भी पॉलिसी रद्द किए बिना अतिरिक्त प्रीमियम देकर यात्री देनदारी कवर जोड़ सकेंगे।

4 हिस्सों में बीमा, 2 अनिवार्य, यात्री-वाहन कवर वैकल्पिक

1. थर्ड पार्टी बीमाः अभी अनिवार्य है और अलग या पैकेज पॉलिसी में मिलता है। 15 दिसंबर से पहला हिस्सा होगा और अनिवार्य रहेगा। दूसरे व्यक्ति की मौत, चोट या संपत्ति का नुकसान कवर होगा; अपनी गाड़ी का नहीं।
2. यात्री देनदारीः अभी अतिरिक्त कवर है। 15 दिसंबर से अलग वैकल्पिक हिस्सा होगा। कार यात्री, पीछे बैठा सवार और बीमित के कर्मचारी कवर होंगे; मालिक और निकट परिवार नहीं।
3. व्यक्तिगत दुर्घटनाः अभी मालिक-बीमित के लिए अनिवार्य, अन्य के लिए अतिरिक्त कवर है। 15 दिसंबर से मालिक के लिए अनिवार्य और यात्री, पीछे बैठे सवार व दूसरे ड्राइवर के लिए वैकल्पिक रहेगा। प्रीमियम अलग दिखेगा।
4. अपने वाहन का नुकसानः अभी पैकेज या अलग ओन-डैमेज पॉलिसी में मिलता है। 15 दिसंबर से अलग वैकल्पिक हिस्सा होगा। दुर्घटना, आग, चोरी आदि से अपनी कार-बाइक का नुकसान कवर होगा।

लेखक 'ब्रांड एंबेसडर' भी... कवर पेज से रैम्प तक चर्चा में; कहानियों से फैशन को नया अर्थ दे रहे, हाथों में किताब अब प्रतिष्ठा का प्रतीक ...

दिलचस्प यह है कि जहां लेखक रैंप और विज्ञापनों की ओर रुख कर रहे हैं, वहीं दुआ लिपा, डकोटा जॉनसन और काय गेरबर जैसी हॉलीवुड अभिनेत्रियां और मॉडल्स अपने बुक क्लब चलाकर और संस्मरण लिखकर खुद को साहित्य से जोड़ रही हैं। साहित्य व फैशन की यह नई जुगलबंदी दिखाती है कि अब बौद्धिकता सिर्फ बंद कमरों या लाइब्रेरी तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आधुनिक लाइफस्टाइल का सबसे ट्रेंडी हिस्सा बन चुकी है।

पाक से RDX मंगाने में बज्जू की भूमिका, इसी के घर से 4 किमी दूर रेल ट्रैक पर ब्लास्ट; सवाल- बज्जू-रघु पकड़ से बाहर क्यों?...

दरअसल, कुलवंत पर पाकिस्तानी तस्कर 'डॉक्टर' के ड्रग्स बिक्री के 8 लाख रुपए बकाया थे। 27 अगस्त 2026 को जब वह जेल से छूटा, तो डॉक्टर ने उससे संपर्क किया। उसने कुलवंत को इस शर्त पर उधारी माफ करने का ऑफर दिया कि उसे पाकिस्तानी हैंडलर 'बॉस' के लिए काम करेगा। 4 अक्टूबर को बॉस ने ही उसे श्रीगंगानगर के 12 केएनडी बॉर्डर पर ड्रोन ड्रॉपिंग रिसीव करने का टास्क दिया। बॉस ने ही उसे हिदायत दी थी कि तीसरे पैकेट को सावधानी से खोलना, इसी में ही आरडीएक्स निकला था।

BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER
Karni Industrial Area, Pugal Road, Bikaner-334004
Ref. No.: F(5)/EO/BTU/2026-27/762 Date: 03.11.2026
Notice Inviting Bid
Bikaner Technical University invites following bid in online mode:

S. No.	Particulars	Estimated Cost	NIB No.	UBN No.	Last Date & Time
1.	Supply, Installation and Fixing of Auditorium Chairs	Rs. 15 Lakhs	BTU2627A0013	BTU2627GLOB00012	17.11.2026 Up to 5.00 p.m.

Others particulars of the bids can be find on https://eproc.rajasthan.gov.in/, www.sppp.rajasthan.gov.in and Bikaner Technical University website www.btu.ac.in.
Raj.Samwad/C/26/12951 ESTATE OFFICER, BTU

Mayur Uniquoters Limited
Regd. Office and Works: Jaipur Sikar Road, Village Jaitpura, Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India.
Tel: 91-1423-224001 **Fax:** 91-1423-224420 **CIN No.** L18101RJ1992PLC006952 **E-Mail:** secr@mayur.biz

Extract of Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year Ended 30th September 2026

(Rs. in Lakhs, except stated)

YoY Income up 15%
YoY PBIDT up 38%
YoY PAT up 42%

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Total Income from Operations	29,206.02	29,219.20	25,315.01	58,425.22	48,858.83	102,207.62
2	Operating Profit (PBIDT)	8,708.68	8,190.18	6,332.43	16,898.86	12,587.08	28,973.54
3	Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax	7,931.43	7,411.79	5,561.01	15,343.22	11,058.49	25,898.23
4	Net Profit / (Loss) for the period After Tax	5,799.24	5,611.93	4,084.38	11,411.17	8,157.29	19,174.00
5	Total Comprehensive Income for the period	5,879.41	5,782.51	4,275.48	11,661.92	8,349.79	19,865.61
6	Equity Share Capital (of Rs. 5/- each)	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63
7	Other Equity (Reserves)	-	-	-		-	111,077.52
8	Earning Per Share:						
	- Basic (in Rs.)	13.35	12.92	9.40	26.26	18.77	44.13
	- Diluted (in Rs.)	13.35	12.92	9.40	26.26	18.77	44.13

Notes: *Standalone Financial Information of the Company, pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR):

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Turnover	25,299.41	24,702.88	23,776.17	50,002.29	44,417.35	94,170.96
2	Operating Profit (PBIDT)	7,812.79	8,549.35	7,226.43	16,362.14	13,508.52	30,307.10
3	Profit before Tax	7,046.40	7,779.13	6,462.87	14,825.53	11,994.54	27,262.30
4	Profit after Tax	5,127.39	5,895.17	4,810.12	11,022.56	8,932.82	20,296.97

*The above is an extract of the detailed format of Quarter and Half Year Ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Quarterly and Half Yearly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com, and also on Company's website at www.mayuruniquoters.com

Place: **Jaipur**
Date: **November 04, 2026**

For and on behalf of the Board of Directors
Suresh Kumar Poddar
Chairman & Managing Director & CEO
DIN-00022395


PU Garments

Handbag

Automotive

Footwear

Furnishing

Marine Upholstery

Accessories

ऐसे करें एक नई शुरुआत

ख्वाबों की नहीं होती कोई उम्र 'मिड-लाइफ रीइन्वेंशन' का जादू



इसमें परिवार का सहयोग और समाज की बदलती सोच का भी बड़ा हाथ है। आज पति और बच्चे भी अपनी पत्नी या मां के इस सफर में उनके हमसफर बन रहे हैं।

पत्रिका फीचर नेटवर्क
patrika.com

एक दौर था जब महिलाओं की जिंदगी के दायरे तय माने जाते थे- पढ़ाई, शादी, घर-परिवार और बच्चों की परवरिश। एक निश्चित उम्र (विशेषकर 40 के आसपास) आते-आते यह मान लिया जाता था कि अब जिंदगी में कुछ खास नहीं, लेकिन आज बहुत सी महिलाएं 40 के पार थमने के बजाय अपनी एक 'नई शुरुआत' (Mid-life Reinvention) कर रही हैं। वे अपनी पुरानी भूमिकाओं से आगे बढ़कर अपने सपने, कॅरियर और बिजनेस को नए पंख दे रही हैं।

एक नया चैप्टर

मिड-लाइफ रीइन्वेंशन क्या है? खुद को फिर से तलाशने-गढ़ने की प्रक्रिया है। 40 की उम्र वह पड़ाव है जब ज्यादातर महिलाएं अपने बच्चों की देखभाल, परिवार की जिम्मेदारियों और जीवन के शुरुआती अनुभवों से थोड़ी परिपक्व हो चुकी होती हैं। उनके पास अनुभव की पूंजी होती है। खुद के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा भी। 'मिड-लाइफ रीइन्वेंशन' का मतलब पुरानी पहचान मिटाना नहीं, बल्कि उसमें एक नया-सशक्त अध्याय जोड़ना है।

क्या कुछ कर सकते हैं?

किस रूप में सामने आ रहा बदलाव?
कॅरियर स्विच: शिक्षण या डेस्क जॉब तक सीमित हैं, तो डिजिटल मीडिया, डिजाइनिंग, काउंसलर या कॉर्पोरेट लीडरशिप में कदम रख सकती हैं। या एक काम के साथ कई काम।
उद्यमिता और स्टार्टअप: अपने हुनर (जैसे होम बेकिंग, हैंडीक्राफ्ट, ब्यूटीक या ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स) को एक सफल बिजनेस में बदलना। कई महिलाएं इस उम्र में अपने खुद के स्टार्टअप शुरू कर रही हैं।
कला और शौक को पुनर्जीवित करना: जो पेंटिंग, लेखन, संगीत या नृत्य का शौक गृहस्थी की भागदौड़ में छूट गया था, उसे दोबारा शुरू करना और उसमें महारत हासिल करना। खुद से कहें- 'शुरुआत करने के लिए कभी देर नहीं होती और मेरी सबसे बेहतरीन पारी अभी बाकी है!'

नई दिशा

स्वदेशी उत्पादों से भरें उड़ान पाएं नई पहचान और राह



स्वयं सहायता समूह से जुड़कर किसी ने अपना कारोबार बढ़ाया, तो किसी ने दूसरी महिलाओं को उद्यमी बनाने का जिम्मा उठाया। महाराष्ट्र की भाग्यश्री लोंढे और उत्तर प्रदेश की पूनम की कहानियां बताती हैं कि सही प्रशिक्षण, आर्थिक सहयोग और सीखने की लगन से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई राह बना सकती हैं। इन दोनों की यात्रा केंद्र सरकार के स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम से जुड़ी है।

लगन से मिला रास्ता

ग्रामीण महिलाओं के पास हुनर की कमी नहीं होती, लेकिन कई बार पूंजी, बाजार और कारोबार चलाने की जानकारी के अभाव में उनका हुनर घर तक ही सीमित रह जाता है। ऐसे में उन्हें सही मार्गदर्शन-आगे बढ़ने का अवसर मिले, तो वे अपने काम को व्यवसाय में बदल सकती हैं। भाग्यश्री और पूनम ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया। एक ने मसाले, पापड़ और अचार बनाने के काम को आगे बढ़ाया, तो दूसरी ने प्रशिक्षण लेकर करीब 40 ग्रामीण उद्यमियों को कारोबार शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने में मदद की।

मन की बात में छाया महिलाओं का कौशल

हाल में पीएम मोदी ने मन की बात में महिलाओं के स्थानीय स्तर पर किए गए आत्मनिर्भर बनने के प्रयास की सराहना की। रामनदीप कौर, सुनेहा देवी और रजनी कौर जैसी महिलाएं बुनाई का हुनर सीखकर अपने परिवारों की आर्थिक मदद कर रही हैं। पीएम ने महाराष्ट्र की 'शबरी नेचुरल्स' पहल का जिक्र करते हुए बताया कि इसके तहत शहद, महुआ, चिरौंजी और बांस से बने उत्पादों को जनजातीय कला दर्शाने वाली पैकेजिंग के साथ बाजार में लाया जा रहा है। इस पैकेजिंग को जापान का 'गुड डिजाइन अवॉर्ड' मिला है। कर्नाटक के स्टार्टअप का भी उल्लेख किया, जो बांस और कृषि अवशेषों से पैकेजिंग सामग्री बना रहा है। महिलाएं अपनी क्षमता-उपलब्ध संसाधनों के अनुसार काम शुरू कर सकती हैं।



फिट एंड फाइन

'हैबिट स्टैकिंग' बेहतर हो सकती है आपकी जिंदगी

सुबह उठते चाय पीने की आदत है, लेकिन व्यायाम करने का समय नहीं मिल पाता? रात को बिस्तर पर जाने से पहले मोबाइल देखती हैं, लेकिन किताब पढ़ने की आदत डालना चाहती हैं? ऐसे में पूरी दिनचर्या बदलने के बजाय एक छोटा तरीका आजमा सकती हैं- हैबिट स्टैकिंग। इसमें किसी नई आदत को अपनी पहले से बनी हुई आदत के साथ जोड़ दिया जाता है। यानी नई शुरुआत के लिए अलग समय निकालने के बजाय रोज के कामों के बीच एक अच्छी आदत के लिए जगह बनाई जा सकती है। यह तरीका लेखक जेम्स क्लियर की किताब एटॉमिक हैबिट्स के जरिए काफी लोकप्रिय हुआ। आइए जानते हैं क्या और किस तरह से किया जा सकता है।

कारगर फॉर्मूला:

इसका मकसद अपनी जिंदगी में ढेर सारे नए नियम जोड़ना नहीं, बल्कि नई आदत को मौजूदा दिनचर्या में सहजता से शामिल करना है। हैबिट स्टैकिंग के लिए एक आसान फॉर्मूला अपनाया जा सकता है- जब मैं अपनी मौजूदा आदत पूरी करूंगी, उसके बाद मैं एक छोटा नया काम करूंगी। इसे अपनी जरूरत के अनुसार ऐसे समझें सुबह चाय बनाने के बाद दो मिनट स्ट्रेचिंग करूंगी। नाश्ता करने के बाद दिनभर के लिए पानी की बोतल तैयार रखूंगी। दोपहर का भोजन करने के बाद दस मिनट टहलूंगी। ऑफिस का काम बंद करने के बाद अगले दिन की प्राथमिकताएं लिखूंगी। रात को थोड़ी देर किताब जरूर पढ़ूंगी।

फिचन में कार्य करते समय खाना बनाने से लेकर उसकी साफ-सफाई तक में काफी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास कुछ किचन सॉल्यूशन हों तो आपके नाम व अपनी फोटो सहित हमें वॉट्सऐप नंबर **9057531584** पर भेजें। सी न्यूज पेज पर इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

पत्रिका शी न्यूज
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

दुस्साहस: भट्टा बस्ती थाना इलाके के बजरंग नगर की घटना, स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा


ऑटो रिक्शा पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, तोड़फोड़ कर बनाया वीडियो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


पेट्रोल छिड़कता युवक



आग लगाता युवक



ऑटोरिक्शा में की तोड़फोड़



जयपुर. भट्टा बस्ती थाना इलाके के बजरंग नगर में कुछ बदमाशों ने मंगलवार देर रात एक खड़े ऑटो रिक्शा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इतना ही नहीं, आग लगाने के बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से ऑटो में जमकर तोड़फोड़ की और इस पूरी वारदात का वीडियो भी रिकॉर्ड किया।

वारदात देर रात करीब एक बजे की है। एक युवक ने ऑटो की छत पर चढ़कर उस पर पेट्रोल उड़ेल दिया और आग के हवाले कर दिया, जिससे वह आग की लपटों से घिर गया। आरोपी के साथ आए अन्य युवकों ने लाठी-डंडों से ऑटो के कांच व अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाया। आग की लपटें और शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले, तो बदमाश भागने लगे। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

अन्य आरोपियों की तलाश जारी

थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अमन (19) भट्टा बस्ती का रहने वाला है। पुलिस उसके साथियों की तलाश कर रही है। पीड़ित ऑटो रिक्शा मालिक आरिफ ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया है। उसका कहना है कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। वहीं, पुलिस हिरासत में आए आरोपी ने पूछताछ में कुछ अलग ही कहानी गढ़ दी कि, वह वहां से गुजर रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे रोक लिया, उसके साथ मारपीट की और वीडियो बनाने के लिए कहा। वीडियो में एक आरोपी का चेहरा भी साफ नजर आ रहा है।

करणी विहार थाना इलाके के विकास नगर की घटना

पतंग की जानलेवा डोर: हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मूक-बधिर किशोर

झुलसे किशोर का एसएमएस अस्पताल में चल रहा इलाज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. आसमान में उड़ती पतंग के पीछे भाग रहे 14 वर्षीय मूक-बधिर किशोर की जिंदगी उस वक्त खतरे में पड़ गई, जब उसकी पतंग का मांझा हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गया। तेज धमाके के साथ जोरदार करंट के झटके से किशोर बुरी तरह झुलस गया। उसे गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस हादसे के बाद से गरीब माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

गरीबी और बेबसी के बीच टूटा दुखों का पहाड़ : पवन के पिता राजेंद्र परिवार का गुजर-बसर करने के लिए केले का ठेला लगाते हैं। उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें पवन चौथे नंबर का है। सबसे दुखद पहलू यह है कि पवन जन्म से ही बोल और सुन (मूक-बधिर) नहीं सकता है। पहले से ही आर्थिक तंगी झेल रहे इस परिवार पर बेटे के हादसे का शिकार होने से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता की आंखों से आंसू थम नहीं रहे हैं और उन्हें बेटे के इलाज तथा भविष्य की गहरी चिंता सता रही है।

मांझा विद्युत लाइन से छूते ही धमाका

करणी विहार थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि यह हादसा बुधवार शाम करीब 6 बजे विकास नगर इलाके में हुआ। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी 14 वर्षीय पवन छत पर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान पतंग का मांझा हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। करंट के झटके से हुए धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे और झुलसे किशोर को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया।

नांगल पुलिया के पास हुआ हादसा

कार की टक्कर से स्कूटी चकनाचूर, चालक दूर जा गिरा... बाल-बाल बचा, हाईवे जाम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



जयपुर. 200 फीट एक्सप्रेस हाईवे पर नांगल पुलिया के पास बुधवार शाम कार और स्कूटी के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार स्कूटी के ऊपर से निकल गई और चालक उछलकर दूर गिरने से घायल हो गया।

हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे सर्विस रोड पर हुआ। दुर्घटना के तुरंत बाद भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल स्कूटी चालक को संभाला। स्थानीय दुकानदार मुकेश सैनी के अनुसार, स्कूटी चालक को चोटें आई हैं।

वहीं, सर्विस रोड पर जुटी भीड़ के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। इसका असर हाईवे पर भी देखने को मिला, जिससे वहां वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा और यातायात सुचारू करवाया।

हाईवे पर ट्रेलर में पीछे से घुसी बेकाबू कार, दंपती घायल



दूदू @ पत्रिका. जयपुर-अजमेर हाईवे पर दूदू में बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक होटल के सामने सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से एक बेकाबू कार जा घुसी। हादसे में कार सवार दंपती घायल हो गए, जबकि उनकी दो बेटियों को भी हल्की चोटें आईं। सूचना पर पहुंची दूदू थाना पुलिस ने घायलों को उप जिला अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के जनकपुरी निवासी जयप्रकाश (51) पुत्र जगदीश प्रसाद पत्नी वर्षा (49) और दो बेटियों के साथ जयपुर से अजमेर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दूदू में होटल के सामने कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दूदू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। कार सवार जयप्रकाश और पत्नी वर्षा को चोटें आईं, जबकि दोनों बेटियों को भी हल्की चोटें लगीं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

युवक का अपहरण, बदमाशों के चंगुल से छूटा, ग्रामीणों ने बचाया

कालवाड़ @ पत्रिका. थाना क्षेत्र के मांचवा स्थित रिद्धि-सिद्धि रॉयल सिटी चौराहे के पास 2 नवंबर की रात मारपीट कर अपहृत किए गए युवक को पुलिस ने 24 घंटे बाद जयपुर ग्रामीण के फागी क्षेत्र स्थित निमेड़ा से दस्तयाब कर लिया। बदमाश युवक को कार में डालकर ले गए थे। अपहरणकर्ताओं ने उसके साथ जमकर मारपीट की। पुलिस के अनुसार, कालवाड़ रोड पर रहने वाले गोविन्द यादव निवासी परमानपुरा, थाना अमरसर का 2 नवंबर की रात बदमाशों ने मांचवा के पास मारपीट कर अपहरण कर लिया था। इस संबंध में उसके भाई मनीष यादव ने कालवाड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मंगलवार रात गोविन्द यादव फागी क्षेत्र के निमेड़ा में एक खंडहर के पास बदमाशों के चंगुल से छूटने में सफल हो गया। उसने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख बदमाश वहां से भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस निमेड़ा पहुंची और गोविन्द को कालवाड़ थाने ले आई।

पार्क के पास खड़ा ट्रैक्टर चोरी

जयपुर @ पत्रिका. जवाहर नगर थाना इलाके में पार्क के पास खड़ा एक ट्रैक्टर चोरी हो गया। गोविंद कॉलोनी (ढेहर का बालाजी) निवासी उदयराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 नवंबर को उसने अपना ट्रैक्टर जवाहर नगर कच्ची बस्ती स्थित पार्क के पास खड़ा किया था। अगले दिन सुबह पहुंचने पर ट्रैक्टर गायब था। पुलिस सीसी-टीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।



Mayur Uniquoters Limited

Regd. Office and Works: Jaipur Sikar Road, Village Jaitpura, Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India.
Tel: 91-1423-224001 **Fax:** 91-1423-224420 **CIN No.** L18101RJ1992PLC006952 **E-Mail:** secr@mayur.biz

Extract of Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year Ended 30th September 2026

(Rs. in Lakhs, except stated)

YoY Income up 15%
YoY PBIDT up 38%
YoY PAT up 42%

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Total Income from Operations	29,206.02	29,219.20	25,315.01	58,425.22	48,858.83	102,207.62
2	Operating Profit (PBIDT)	8,708.68	8,190.18	6,332.43	16,898.86	12,587.08	28,973.54
3	Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax	7,931.43	7,411.79	5,561.01	15,343.22	11,058.49	25,898.23
4	Net Profit / (Loss) for the period After Tax	5,799.24	5,611.93	4,084.38	11,411.17	8,157.29	19,174.00
5	Total Comprehensive Income for the period	5,879.41	5,782.51	4,275.48	11,661.92	8,349.79	19,865.61
6	Equity Share Capital (of Rs. 5/- each)	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63	2,172.63
7	Other Equity (Reserves)	-	-	-		-	111,077.52
8	Earning Per Share:						
	- Basic (in Rs.)	13.35	12.92	9.40	26.26	18.77	44.13
	- Diluted (in Rs.)	13.35	12.92	9.40	26.26	18.77	44.13

Notes: *Standalone Financial Information of the Company, pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR):

S.No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Turnover	25,299.41	24,702.88	23,776.17	50,002.29	44,417.35	94,170.96
2	Operating Profit (PBIDT)	7,812.79	8,549.35	7,226.43	16,362.14	13,508.52	30,307.10
3	Profit before Tax	7,046.40	7,779.13	6,462.87	14,825.53	11,994.54	27,262.30
4	Profit after Tax	5,127.39	5,895.17	4,810.12	11,022.56	8,932.82	20,296.97

*The above is an extract of the detailed format of Quarter and Half Year Ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Quarterly and Half Yearly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com, and also on Company's website at www.mayuruniquoters.com





Place: Jaipur
Date: November 04, 2026

For and on behalf of the Board of Directors
Suresh Kumar Poddar
Chairman & Managing Director & CEO
DIN-00022395





